Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title : Need for release of funds by ONGC to Mehsana District Administration for providing irrigation and other civic amenities in Mehsana Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा में ओ एन जी सी रोजाना 6000 मैट्रिक टन का उत्पादन करता है और करोड़ों रूपया कमाती है। गैस एवं पेट्रोल पदार्थ को निकालने के बाद मेहसाणा के लोगों का जीवन अत्यंत दयनीय हो गया है, ओ एन जी सी ने नाममात्र मूल्य पर लोगों की जमीन अधिग्रहीत की जो बाजार मूल्य से बहुत कम है एवं जमीन जाने से लोगों को खेतीबाड़ी के कार्य से वंचित होना पड़ रहा है एवं लोग बेरोजगार हो गये हैं। ओ एन जी सी के गलत अन्वोण कार्य से पानी के कुआं में फ्लोराइड तत्व एवं गैस तत्व आ गये हैं। फलोराइड तत्वों वाले पानी पीने से लोग बीमार पड रहे हैं और विक्लांग हो रहे हैं। लोगों को मीठा पानी नहीं मिल रहा है। पानी को कई बार फिल्टर करके पीना पड़ रहा है। खेतों को सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है और पानी भी ऐसा हो गया है कि उस पानी की सिंचाई से किसानों की जमीन बंजर होती जा रही है। पीने के पानी एवं खेतों की सिंचाई व्यवस्था हेतु कोई काम नहीं कर रही है। जबकि गैस एवं पेट्रोल निकालने से यहां का पानी मीठा था, खेतों को अच्छा पानी मिल रहा था और लोग स्वस्थ भी रहते थे।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि इन समस्याओं के निदान के लिए ओ एन जी सी द्वारा राज्य सरकारों को जो रॉयल्टी दी जाती है उसी तरह से पर्याप्त धनराशि पैकेज पेयजल एवं सिंचाई जल की व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सेवा को उपलब्ध करवाने हेतु सीधे जिला प्रशासन मेहसाणा को देनी चाहिए, जिससे जिला प्रशासन पेयजल एवं सिंचाई जल एवं अन्य सुविधा दिये जाने के कार्य को कर सके।

---

* Treated as laid on the Table.